WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

Review of Indias Foreign Policy

*125. SHRI KAMAL MORARKA: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under Government's consideration to review its foreign policy keeping in view the disintegration of Soviet Russia and a big change in U.S. administration;

(b) if so, what are the salient features likely to be incorporated in the new *policy; and*

(c) if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI DINESH SINGH): (a) and (b) A statement is laid on the Table of the Home (See below)

(c) Does not arise.

Statement

The basic objectives of India's foreign policy are predicated on the maintenance of India's territorial integrity, ensuring a durable environment of peace and stability in our region and the creation of a favourable external economic and strategic environment to promote domestic socio-economic development. These fundamental Pillars of India's foreign policy are derived from a national consensus. India has pursued and will continue to pursue, an independent foreign policy guided by these objectives. All major international developments including the disintegration of the Soviet Union and change in the U.S. Administration have been taken into account in the continuous process of fashioning India's Foreign Policy, keeping in mind the basic concerns of India's national interests..

हैदराबाद में नक्सलवादियों के अत्याचार

*126. श्री दिग्विजय सिंह:
श्री अनन्तराम जायसवाल:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश) में नक्सलवादियों के बढ़ते अत्याचारों को रोकने के लिए कोई ठोस उपाय करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है?

(ग) क्या 27 जनवरी, 1993 की घटना से वहां कार्यरत पुलिस अधिकारियों का मनोबल गिरा है;

(घ) क्या सरकार इन अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों की रक्षा के लिए कोई कार्यक्रम तैयार करने पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्री (श्री एस० बी० चव्हाण): (क) और (ख) लोक व्यवस्था बनाए रखना राज्य का विषय है वामपंथी उग्रवादी गतिविधियों से प्रभावित राज्य, अपने क्षेत्राधिकार में नक्सलवादी गतिविधियों को रोकने, नियंत्रित करने और समाप्त करने के लिए उपाय कर रहे हैं। समन्वित रूप से नक्सलवादी गतिविधियों को रोकने संबंधी प्रक्रिया तैयार करने तथा उसे कार्यान्वित करने संबंधी कार्य की देखरेख करने के लिए केन्द्र सरकार ने प्रभावित राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ एक संयुक्त समन्वय समिति गठित की है। पुलिस बल के आधुनिकीकरण के लिए राज्य सरकारों को धन उपलब्ध कराने और जहां तक संभव हो, उनकी शस्त्रों की आवश्यकताओं के पूरा करके, उनको सहायता भी प्रदान की जाती है।

(ग) जी नहीं, श्रीमान।

(घ) और (ङ) राज्य सरकार आमतौर पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और खतरे के बोध के आधार पर सुरक्षा प्रबंधों में वृद्धि करके अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों को संरक्षण प्रदान करने के लिए विभिन्न उपाय कर रही है।